# कार्यालय प्रधानाचार्य, महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,बिजनौर

**पता– मदसूदनपुर देवीदास (स्वाहेड़ी)**, नजीबाबाद रोड़, जिला बिजनौर–246701

**ई–मेल:** gmcbijnor@gmail.com **वेबसाइट :** www.mvasmcbijnor.org

**पत्रांकः म0वि0स्व0रा0चि0म0बिजनौर / विज्ञप्ति / 2026–27 /** 3239 **दिनांक 07.09.2026**

## –:विज्ञप्ति :–

महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर में संविदा पर कार्य कर रहे अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा विस्तार के संबंध में शासनादेश संख्या– 1–1001(099) / 313 / 2021–1– चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 दिनांक 16.01.2024 के क्रम में 01 अभ्यर्थी का संबंधित विशिष्टता में संविदा के आधार पर 01 वर्ष अथवा नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने अथवा रोस्टर आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत संबंधित आरक्षित श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए नियुक्त / तैनात किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है, के अनुपालन एवं आरक्षण व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु संविदा पर कार्य कर रहे अधिकारियों / कर्मचारियों जिनका 01 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है उनका पुनः साक्षात्कार कराये जाने हेतु एवं प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों के क्रम में एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 मानकों के पूर्ति हेतु महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बिजनौर के विभिन्न विशिष्टताओं / विभागों में सीनियर रेजीडेन्ट के सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु एतद्द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर चयन, चयन समिति के द्वारा **प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से** वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु नवीनतम एन0एम0सी0 मानकों (एम0एस0आर0–2023) के अनुसार अपने समस्त शैक्षिक / अनुभव प्रमाण–पत्रों / शोध पत्रों की स्वः प्रमाणित छायाप्रतियों के दो सेट, बायोडाटा, एन0ओ0सी0 (वर्तमान कार्यस्थल से), 2 पासपोर्ट फोटो एवं अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों सहित संलग्न प्रारूप के साथ कार्यालय महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, मदसूदनपुर देवीदास (स्वाहेड़ी), बिजनौर में उपस्थित हों।

चिकित्सा शिक्षकों के पदों की रिक्तियाँ एवं नियुक्ति की शर्तें महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर की वेबसाईट– www.mvasmcbijnor.org पर उपलब्ध है। **रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।** साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता और मंहगाई भत्ता देय नहीं होगा। इस हेतु रू0 500 का डिमांड ड्राफ्ट प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर के पक्ष में बिजनौर में देय होगा। साक्षात्कार के समय आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से ज्यादा और अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण–पत्र 6 माह से ज्यादा का मान्य नहीं होगा। उपरोक्त प्रमाण–पत्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त प्रारूप पर ही मान्य होगा।

उक्त पदों का चयन विभागीय नियमावली एवं समय–समय पर जारी शासनादेशों / नियमों के अनुसार किया जायेगा। पदों का विवरण निम्नवत् दर्शाया जा रहा हैः–

**सीनियर रेजीडेन्ट के पदों का विवरण**

| क्र0 सं0 | विशिष्टता | पदो की संख्या एवं केटेगरी |
|---|---|---|
| 1 | एनॉटमी | 01-OBC |
| 2 | इमरजेन्सी मेडिसिन | 01-SC<br>02-OBC<br>02-UR<br>01-EWS |
| 3 | एनेस्थिसियोलॉजी | 1-OBC |
| 4 | जनरल मेडिसिन | 01-OBC |
| 5 | टी0बी0 चेस्ट | 01-OBC |
| 6 | डर्मेटोलॉजी | 01-EWS |
| 7 | फोरेन्सिक मेडिसिन | 01-OBC<br>01-UR |
| 8 | बायोकेमिस्ट्री | 01-SC<br>01-UR |
| 9 | माईक्रोबायोलॉजी | 01-ST |
| 10 | रेडियोलॉजी | 01-OBC |
| 11 | सायकियाट्री | 01-SC |
| | कुल | 18 |

निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारू प अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा कालेज की **वेबसाइट :** www.mvasmcbijnor.org से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर कॉलेज की ई–मेल–gmcbijnor@gmail.com पर या स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध कराना होगा। साक्षात्कार की कार्यवाही प्रत्येक मंगलवार एवं वृहस्पतिवार को अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में 10:00 बजे से की जायेगी। इस हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। उपरोक्त पदों हेतु भौक्षणिक अर्हता नवीनतम एन0एम0सी0 मानकों के अनुरूप होगी। विज्ञप्ति में प्रकाशित पदों को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।
अर्हतायें –आवेदन की अंतिम तिथि तक एन0एम0सी0 के मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है।
वेतनमान– वेतन बैण्ड रू0 15600–39100, ग्रेड पे–6600, आयु– अधिकतम 45 वर्ष

प्रधानाचार्या
महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
बिजनौर।

पृष्ठांकन–म0वि0स्व0रा0चि0म0बिजनौर / विज्ञप्ति / 2026–27 / 3240-44 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित।
1– प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा, अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– प्रभारी अधिकारी बेबसाईट महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेबसाईट पर तत्काल प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
5– सूचना पट हेतु।
7– गार्ड फाईल।

प्रधानाचार्या
महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
बिजनौर।